# केन्द्रीय विद्यालय संगठन, भोपाल संभाग
# प्रथम पूर्व परिषदीय परीक्षा-2020-21

**कक्षा- बारहवीं** **विषय-हिंदी (आधार)** **विषय कोड- 302**

**निर्धारित समय-3 घंटे** **अधिकतम अंक-80**

**सामान्य निर्देश: निम्नलिखित निर्देशों का पालन कीजिए:**

- **इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब' | खंड 'अ' में वस्तुपरक तथा खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं|**
- **खंड 'अ' में कुल 6 प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमेंकुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं| दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए|**
- **खंड 'ब' में कुल 8 प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं| दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए|**

## खण्ड-अ (वस्तुपरक-प्रश्न)
### अपठित गद्यांश

**प्रश्न-1. निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए : 10×1=10**

मन की शक्ति वैसे तो प्रकृति की देन ह, परंतु फिर भी इसका बहुत कुछ निर्माण माता-पिता और स्वयं पर निर्भर करता है | शैशवावस्था में शिशुओं को उच्च चरित्र एवं साहस की कहानियाँ सुनाकर उसे निर्भीक एवं सच्चरित्र व्यक्ति के रूप में ढाला जा सकता है| बाहय वातावरण का प्रभाव भी बालक के मन पर पड़ता है। हमें ऐसा वातावरण प्रस्तुत करना चाहिए, जिससे बालक का मन सशक्त बन सके |

कई परिस्तिथियाँ मनुष्य को झुकने के लिए विवश कर देती हैं | विपरीत परिस्थितियों में बड़े से बड़े व्यक्ति भी साहस खो बैठते हैं। लक्ष्मण को मूर्छित होते देखकर राम भी घबरा गए | बच्चों को भूख से बिलखते देखकर महाराणा प्रताप तक ने साहस खो दिया था, परंतु वे शीघ्र ही इस पर काबू पा गए | अतः महापुरुष कहलाए | मन के हारने के पीछे भय और विपत्ति की आशंका होती है | मनुष्य स्वभाव से शांति-प्रिय तथा सुखेच्छु होता है | निरंतर संघर्षों को झेलने से उसका मन हारने लगता है | शरीर कष्टों को तब तक सहता है, जब तक उसकी मानसिक शक्ति स्थिर रहती है। शारीरिक एवं मानसिक रोग उसे जकड़ लेते हैं |

मन को सदैव आशावान बनाए रखना चाहिए | 'किंग ब्रूस एंड स्पाइडर' की कहानी हमें बताती है कि मकड़ी अनेक बार असफल होने पर भी अंततः चढ़ने में सफल हो जाती है |

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए :-**

**i).लक्ष्मण के मूर्छित होने का राम पर क्या प्रभाव पड़ा?**

(क) वे साहस खो बैठे (ख) वे भी बेहोश हो गए (ग) बहुत दुखी हो गए (घ) घबरा गए

**ii). महाराणा प्रताप महापुरुष कैसे कहलाए?**

(क) वन-वन भटकने कारण (ख) अपने बच्चों के कारण

(ग) लड़ने के कारण (घ) मन की शक्ति के कारण

**iii). मनुष्य स्वभाव से कैसा होता है?**

(क) शांति-प्रिय (ख) शांति-प्रिय तथा सुखेच्छु (ग) सुखेच्छु (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**iv). मनुष्य का मन कब हारने लगता है?**

(क) मुसीबत में (ख) डर के समय (ग) लगातार संघर्ष करने से (घ) समस्या से घिरे होने पर

**v). बच्चे के मन को सशक्त बनाने में सर्वाधिक प्रभाव किसका होता है?**

(क) माता-पिता का (ख)परिवार का (ग) प्रभावी वातावरण का (घ) शैशवावस्था में देखभाल का

**vi). बालक को निर्भीक एवं सच्चरित्र कैसे बनाया जा सकता है?**

(क) उच्च चरित्र एवं साहस की कहानियाँ सुनाकर (ख) उन्हें समझा-बुझाकर

(ग) उन्हें लड़ना सिखाकर (घ) उन्हें प्रेम से रहना सिखा कर

**vii). मन के निर्माण में किस-किस का सहयोग होता है?**

(क) प्रकृति का (ख) माता- पिता का (ग) स्वयं का (घ) सभी का

**viii). बड़े से बड़ा व्यक्ति भी कब साहस खो बैठता है?**

(क) विपरीत परिस्थितियों में (ख) घबराकर (ग) मुसीबत में (घ) सुख में

**ix). मनुष्य के हारने के पीछे क्या कारण होता है?**

(क) भय और विपत्ति की आशंका (ख) विपत्ति (ग) लालच (घ) घबराहट

**x). 'किंग ब्रूस एंड स्पाइडर' की कहानी क्या शिक्षा देती है?**

(क) आशावान बने रहो (ख) बार-बार चढ़ो (ग) घबराओ मत (घ) बार-बार चढ़ो और उतरो

**अथवा**

**गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए :-**

समस्याएँ वस्तुतः जीवन का पर्याय हैं| यदि समस्याएँ न हों, तो आदमी प्रायः अपने को निष्क्रिय समझने लगेगा | ये समस्याएँ वस्तुतः जीवन की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती हैं | समस्या को सुलझाते समय, उसका समाधान करते समय व्यक्ति का श्रेष्ठतम तत्त्व उभरकर आता है | धर्म, दर्शन, ज्ञान, मनोविज्ञान इन्हीं प्रयत्नों की देन हैं | पुराणों में अनेक कथाएँ यह शिक्षा देती हैं कि मनुष्य जीवन की हर स्थिति में जीना सीखे व समस्या उत्पन्न होने पर उसके समाधान के उपाय सोचे | जो व्यक्ति जितना उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य करेगा, उतना ही उसके समक्ष समस्याएँ आएँगी और उनके परिप्रेक्ष्य में ही उसकी महानता का निर्धारण किया जाएगा |

दो महत्त्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय हैं- प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है | प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है | समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों का निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा उससे विमुख होना लौकिक व पारलौकिक सभी दृष्टियों से अहितकर है, मानव-धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को आवश्यक रूप से बाधित करना है | आप जागिए, उठिए, दृढ़-संकल्प और उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय-रथ पर चढ़कर अपने जीवन के विकास की बाधाओं रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए |

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए :-**

**i). गद्यांश के अनुसार जीवन का पर्याय हैं-**

(क) सक्रियता (ख) निष्क्रियता (ग) समस्याएँ (घ) संघर्ष

**ii). समस्याएँ किसका मार्ग प्रशस्त करती हैं?**

(क) अवनति का (ख) जीवन की प्रगति का (ख) पतन का (ग) समाधान का

**iii). महापुरुषों के अनुभव का निष्कर्ष क्या है?**

(क) संघर्ष से डरना गलत है (ख) संघर्ष से डरना सही है

(ग) संघर्ष मानव धर्म के प्रतिकूल है (घ) उपर्युक्त सभी

**iv). जीवन की बाधाओं को कैसे दूर किया जा सकता है?**

(क) दृढ़ संकल्प से (ख) उत्साह से (ग)साहस से (घ) उपर्युक्त सभी

**v). पुराणों से क्या शिक्षा मिलती है?**

(क) उत्तरदायित्व निर्वहन की (ख) समस्या समाधान की

(ग) महान बनने की (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**vi). धर्म, दर्शन, ज्ञान आदि किस प्रेरणा की देन हैं?**

(क) शांति की चाह से (ख) आनंद की प्रेरणा से

(ग) संघर्ष की प्रेरणा से (घ) समस्या-समाधान की प्रेरणा से

**vii). लेखक का इस वाक्य से क्या आशय है-" समस्याएँ वस्तुतः जीवन का पर्याय हैं"|**

(क) जीवन स्वयं में एक समस्या है|

(ख) जीवन समस्या नहीं, एक संघर्ष है|

(ग) जीवन में समस्याएँ तो होती हैं, उन्हें स्वीकार करना चाहिए|

(घ) जीवन और समस्याएँ दोनों त्याज्य हैं|

**viii). इस अनुच्छेद का मूल स्वर है-**

(क)निराशाजनक (ख)प्रेरणापरक (ग) चिंतनपरक (घ) विश्लेषणात्मक

**ix). लेखक ने पाठकों को क्या प्रेरणा दी है-**

(क) समस्याओं से बचने की (ख) जीवन को जीने की

(ग) संघर्ष- पथ से भागने की (घ) दायित्वपूर्वक काम करने की

**x).गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए-**

(क) जीवन-एक समस्या (ख) महानता के उपाय

(ग) संघर्ष: सफलता का आधार (घ) जीवन

**प्रश्न-2. निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए :- 5×1=5**

अमल धवल गिरि के शिखरों पर
बादल को घिरते देखा है|
छोटे-छोटे मोती जैसे
उसके शीतल तुहिन कणों को
मानसरोवर के उन स्वर्णिम
कमलों पर गिरते देखा है
बादल को घिरते देखा है|

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए :-**

**i) कवि ने बादल को कहाँ घिरते देखा है?**

(क) अमल धवल पर (ख) गिरि पर (ग) गिरि शिखरों पर (घ) स्वर्णिम कमलों पर

**ii) 'तुहिन् कण' किसके सामान हैं ?**

(क) मोती के सामान (ख) ओस के समान (ग) हीरे के समान (घ) इनमें से कोई नहीं

**iii) 'स्वर्णिम' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?**

(क) इम (ख) म (ग) स्वर्ण (घ) र्णिम

**iv) स्वर्णिम कमलों पर क्या गिरता है?**

(क) मोती (ख) बर्फ के कण (ग) जल की बूँदें (घ) ओस की बूँदें

v) 'धवल' शब्द का क्या अर्थ है?

(क) धोया हुआ (ख) सफेद (ग) धावक (घ) धुंधला

**अथवा**

**पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए-**

हम अनिकेतन, हम अनिकेतन !
हम तो रमते राम, हमारा क्या घर, क्या दर, कैसा वेतन?
अब तक इतनी यों ही काटी, अब क्या सीखें नव परिपाटी
कौन बनाए आज घरौंदा हाथों चुन-चुन कंकड़-माटी
ठाठ फकीराना है अपना, बाघंबर सोहे अपने तन |
देखे महल, झोपड़े देखें, देखे हास-विलास मज़े के
संग्रह के सब विग्रह देखें, जँचे नहीं कुछ अपने लेखे|
लालच लगा कभी पर हिय में मच न सका शोणित उद्वेलन|

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए :-**

**i) 'हम अनिकेतन' से कवि का क्या अभिप्राय है?**

(क) घर बेच देने वाले से (ख) बहुत गरीब से

(ग) स्वयं घर छोड़ने वाले बेघर से (घ) घुमक्कड़ से

**ii) कवि के अनुसार घर बनाने के लिए क्या करना पड़ता है?**

(क) नौकरी करनी पड़ती है (ख) ईंट-पत्थर जैसे अनेक साधन जुटाने पड़ते हैं

(ग) पैसा कमाना पड़ता है (घ) इनमें से कोई नहीं

**iii) 'ठाट फ़कीराना है अपना' का आशय है-**

(क) गरीबी की स्थिति (ख) लाचारी में स्वयं को तसल्ली देना

(ग) संसार छोड़कर मस्तमौला रहना (घ) गरीबी से शिकायत न करना

**iv) कवि के मन में संग्रह की इच्छा क्यों उत्पन्न नहीं हुई?**

(क) मेहनत करनी पड़ेगी (ख) कमाई करनी पड़ेगी

(ग) पैसों के संग्रह में झगड़े हैं (घ) पैसे के संग्रह में आपसी मनमुटाव हो जाता है

**v) 'हास- विलास' में समास है-**

(क) तत्पुरुष (ख) द्वंद्व (ग) कर्मधारय (घ) द्विगु

## कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन

**3. निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए:- 5x1=5**

**i) किसी समाचार माध्यम के लिए निश्चित मानदेय पर निश्चित समयावधि के लिए कार्य करने वाले पत्रकार को कहते हैं-**

(क) पत्रकार (ख) पूर्णकालिक पत्रकार (ग) अंशकालिक पत्रकार (घ) फ्रीलांसर पत्रकार

**ii) समाचार लेखन की लोक-प्रचलित शैली है-**

(क)सीधा पिरामिड शैली (ख)उल्टा पिरामिड शैली (ग) कहानी शैली (घ)उपर्युक्त सभी

**iii) पत्रकारिता में डेडलाइन से आप क्या समझते हैं?**

(क)अंतिम समय सीमा (ख)कार्य करने का निर्धारित समय

(ग)24 घंटे की अवधि (घ)समाचार एजेंसी को समाचार पहुँचाने की अंतिम समय सीमा

**iv) उल्टा पिरामिड शैली में लिखने का क्रम है-**

(क) इंट्रो, बॉडी, समापन (ख) समापन, बॉडी, इंट्रो

(ग) बॉडी, इंट्रो, समापन (घ) बॉडी, समापन, इंट्रो

**v) समाचार लेखन के कितने ककार होते हैं?**

(क) 3 (ख) 4 (ग) 5 (घ) 6

## पाठ्य-पुस्तक

**4. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए-** **5x1=5**

ऊँचे-नीचे करम, धरम-अधरम करि,

पेट ही को पचत, बेचत बेटा-बेटकी ||

'तुलसी' बुझाइ एक राम घनस्याम ही तें,

आगि बड़वागितें बड़ी है आगि पेटकी ||

**i) पद्यांश के कवि कौन हैं?**

(क) कबीरदास (ख) तुलसीदास (ग) रैदास (घ) सूरदास

**ii) पद्यांश कवि की किस रचना से लिया गया है?**

(क) रामचरितमानस (ख) दोहावली (ग) कवितावली (घ) गीतावली

**iii) कवि ने किस आग को सबसे बड़ा कहा है?**

(क) पानी की आग (ख) जंगल की आग (ग) पेट की आग (घ) उपर्युक्त सभी

**iv) 'बड़वागितें' का सही अर्थ है-**

(क) जंगल में लगने वाली आग से (ख) समुद्र में लगने वाली आग से

(ग) तेल में लगने वाली आग से (घ) लकड़ी में लगने वाली आग से

**v) 'राम घनस्याम' में अलंकार है-**

(क) रूपक (ख) उपमा (ग) उत्प्रेक्षा (घ) यमक

**5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए- 5x1=5**

उन्होंने पुड़िया को धीरे से अपनी तरफ़ सरकाना शुरू किया | जब सफ़िया की बात खत्म हो गई, तब उन्होंने पुड़िया को दोनों हाथों में उठाया, अच्छी तरह लपेटा और खुद सफ़िया के बैग में रख दिया | बैग सफ़िया को देते हुए बोले, "मुहब्बत तो कस्टम से इस तरह गुज़र जाती है कि कानून हैरान रह जाता है|"

वह चलने लगी तो वे भी खड़े हो गए और कहने लगे, "जामा मस्जिद की सीढ़ियों को मेरा सलाम कहिएगा और उन खातून को यह नमक देते वक्त मेरी तरफ़ से कहिएगा कि लाहौर अभी तक उनका वतन है और देहली मेरा, तो बाकी सब रफ़्ता-रफ़्ता ठीक हो जाएगा |"

**i) गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?**

(क) भक्तिन (ख) काले मेघा पानी दे (ग) बाज़ार दर्शन (घ) नमक

**ii) गद्यांश के लेखक का नाम है-**

(क)महादेवी वर्मा (ख)रज़िया सज्ज़ाद जहीर (ग)धर्मवीर भारती (घ)फणीश्वर नाथ रेणु

**iii) गद्यांश में पुड़िया अपनी तरफ कौन सरका रहा है?**

(क) भारतीय कस्टम अधिकारी (ख) पाकिस्तानी कस्टम अधिकारी

(ग) बांग्लादेशी कस्टम अधिकारी (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**iv) कस्टम से किस वस्तु के गुज़रने की बात हो रही है?**

(क) कीनू की टोकरी (ख) सोना (ग) नमक (घ) उपहार

**v) गद्यांश में लाहौर किसका वतन बताया जा रहा है?**

(क) सिख बीबी का (ख) सफ़िया का

(ग) भारतीय कस्टम अधिकारी का (घ) पाकिस्तानी कस्टम अधिकारी का

## पूरक पाठ्य-पुस्तक

**6. निम्नलिखित प्रश्नों में निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए:- 10x1=10**

**i) निम्नलिखित में से किसे आप 'सिल्वर-वेडिंग' पाठ की मूल संवेदना कहेंगे?**

(क) हाशिए पर धकेले जाते मानवीय मूल्य (ख) पीढ़ी अंतराल

(ग) पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव (घ) परंपरा के प्रति गहरी श्रद्धा

**ii) सिल्वर वेडिंग कहानी के माध्यम से लेखक ने क्या संदेश देने का प्रयास किया है?**

(क) जीवन की परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को बदल लेना ही उचित है|

(ख) अपने सिद्धांतों के साथ कभी समझौता नहीं करना चाहिए|

(ग) जीवन में किसी को अपना आदर्श मानना चाहिए |

(घ) स्वभाव का थोड़ा लचीला नहीं होना चाहिए|

**iii) 'जूझ' पाठ किस शैली में लिखा गया है?**

(क) विचार परक (ख) आत्मकथात्मक (ग) विवेचनात्मक (घ) विवरणात्मक

**iv) मालती की लता पर किसने कविता लिखी थी?**

(क)लेखक ने (ख)मास्टर न.वा.सौंदलगेकर ने (ग)वसंत पाटिल ने (घ)मंत्री मास्टर ने

**v) मोहनजोदड़ो वर्तमान में स्थित है-**

(क) पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में (ख) पाकिस्तान के सिंध प्रांत में

(ग) भारत के पंजाब प्रांत में (घ) राजस्थान में

**vi) सिंधु घाटी सभ्यता की समकालीन सभ्यता नहीं थी-**

(क) मेसोपोटामिया की सभ्यता (ख) मिश्र की सभ्यता

(ग) आर्य सभ्यता (घ) सुमेर की सभ्यता

**vii) मोहनजोदड़ो नगर कितने हैक्टर में फैला हुआ था?**

(क) 250 हैक्टर (ख) 200 हैक्टर (ग) 150 हैक्टर (घ) 100 हैक्टर

**viii) ऐन फ्रैंक की डायरी मूल रूप से किस भाषा में लिखी गई थी?**

(क) डच (ख) जर्मन (ग) अंग्रेजी (घ) फ्रेंच

**ix) इनमें से कौनसी ऐन की चारित्रिक विशेषता नहीं थी-**

(क) अच्छी लेखिका (ख) स्त्रियों की शिक्षा एवं अधिकारों के प्रति सजग

(ग) प्रकृति-प्रेमी नहीं (घ) मानव अधिकारों की पक्षधर

**x) अज्ञातवास में कितने लोग छुपे हुए थे?**

(क) 4 (ख) 6 (ग) 7 (घ) 8

## खंड-ब ( वर्णनात्मक प्रश्न)

## कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन

**7. निम्नलिखित में से *किसी एक* विषय पर लगभग 150 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए- 5**

(क) कोविड-19 महामारी और आप

(ख) एक कदम स्वच्छता की ओर

(ग) चाँदनी रात और मैं

8. दूरदर्शन केंद्र के निदेशक को नवीन साहित्यिक रचनाओं पर कार्यक्रम प्रसारित करने का आग्रह करते हुए पत्र लिखिए | **5**

**अथवा**

निकट के शहर से आपके गाँव तक की सड़क का रख रखाव संतोषजनक नहीं है| मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग को एक पत्र लिखकर तुरंत कार्यवाही का अनुरोध कीजिए|

**9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-**

(क) कविता के मूल में कौन-से तत्व समाहित हैं? ये तत्त्व मन पर क्या असर डालते हैं? **3**

**अथवा**

कहानी में पात्रों के संवाद का क्या महत्त्व होता है?

(ख) नाटक की भाषा संबंधी विशेषताएँ लिखिए| **2**

**अथवा**

नाटक में संवाद की क्या महत्ता है|

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए-**

(क) आलेख लिखते समय क्या-क्या तैयारियाँ आवश्यक होती हैं? **3**

**अथवा**

फीचर लेखन में कौन-कौन से गुण होने चाहिए?

(ख) उल्टा पिरामिड शैली से आप क्या समझते हैं? **2**

**अथवा**

संपादकीय लेखन क्या हैं?

**पाठ्य पुस्तक-**

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- 3x2=6**

(क) बच्चे किस बात की आशा में नीड़ों से झाँक रहे होंगे?

(ख) कवि के जीवन में ऐसा क्या-क्या है जिसे उसने सहर्ष स्वीकारा है?

(ग) कैमरे में बंद अपाहिज करुणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है? स्पष्ट कीजिए|

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए- 2x2=4**

(क) उषा कविता की भाषा संबंधी दो विशेषताएँ लिखिए|

(ख) तुलसीदास ने दरिद्रता की तुलना किससे की है और क्यों?

(ग) 'रुबाइयाँ' के आधार पर घर-आँगन में दिवाली और राखी के दृश्य-बिंब को अपने शब्दों में समझाइए|

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- 3x2=6**

(क) भक्तिन के आ जाने से महादेवी अधिक देहाती कैसे हो गई?

(ख) 'बाज़ार दर्शन' पाठ के आधार पर 'बाज़ार का जादू चढ़ने और उतरने' का आशय स्पष्ट कीजिए |

(ग) ढोलक की आवाज़ का पूरे गाँव पर क्या असर होता था?

**14. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए- 2x2=4**

(क) जीजी ने दान के पक्ष में क्या तर्क दिए?

(ख) मनुष्य की क्षमता किन बातों पर निर्भर करती है ? मेरी कल्पना का आदर्श समाज पाठ के आधार पर लिखिए |

(ग) 'बाज़ारुपन' से क्या तात्पर्य है?